हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 17 अक्टूबर 2025



तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 24. 0 डिग्री

रेलवे जीएम पहुंचे बाराद्वार जनप्रतिनिधियों नागरिकों ने रखी कई महत्वपूर्ण मांगें 4



## खबर संक्षेप

### बिर्रा में श्री राम नाम जप सप्ताह यज्ञ 30 से

**बिर्रा** । जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत सबसे बड़े ग्राम पंचायत बिर्रा में यज्ञ समिति बिर्रा एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा आयोजित 155 वर्षों से श्री राम नाम जप सप्ताह महायज्ञ का आयोजन 30 अक्टूबर दिन गुरुवार से शुभारंभ किया जाएगा। ज्योति कलश रक्षक सुदर्शनदास वैष्णव होंगे। श्री राम नाम सप्ताह यज्ञ में 30 अक्टूबर दिन गुरुवार की सुबह समस्त ग्रामवासियों द्वारा किर्तन भजन कर राम सीता और लक्ष्मण की प्रतीमा को यज्ञस्थल लाया जाएगा। तत्पश्चात देव आह्वान ,वेदी पूजन कर, जय जयकारे के साथ किर्तन मंडलियों द्वारा सीताराम सीताराम राधेश्याम राधेश्याम का भजन के साथ शुभारंभ होगा। जिस समय शुरू होगा उसके आठवें दिन जय जयकारे के साथ समापन होता है। इस बीच दूरदराज से किर्तन मंडलियों का आगमन होता है। समिति द्वारा सभी किर्तन मंडलियों के सम्मान स्वरूप नगद राशि से सम्मानित किया जाता है। प्रतिदिन विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने के लिए यज्ञ समिति के सदस्य व समस्त ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

### कुम्हार एवं ग्रामीणों को असुविधा नहीं होने के दिए निर्देश

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने नगर पालिका एवं नगर पंचायत के अधिकारियों को दीपावली पर्व पर मिट्टी के दीये विक्रय हेतु आने वाले कुम्हार एवं अंचल के ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को नगर पालिका व नगर पंचायत क्षेत्र में मिट्टी के दिए विक्रय हेतु आने वाले कुम्हार एवं अंचल के ग्रामीणों से किसी प्रकार की कर वसूली नहीं करने तथा जिले में दीपावली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाये जाने हेतु आमजनो को दीये के उपयोग के साथ-साथ स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करने हेतु प्रोत्साहित करने कहा है।

### नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन आज तक

**जांजगीर-चांपा।** राज्य के नर्सिंग महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवनेदन करने की तिथि तीन दिन बढ़ा दी गई है। विद्यार्थी अब 17 अक्टूबर शाम पांच बजे तक नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन भर सकेंगे। नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए काउंसलिंग समिति के अध्यक्ष ने इस बारे में सूचना भी जारी कर दी है। इस वर्ष 2025 में काउंसलिंग के जरिए बी.एस.सी. नर्सिंग, एम.एस.सी. नर्सिंग, पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग, और पोस्ट बेसिक डिप्लोमा इन साइकियाट्रिक नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया जाएगा। पहले इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि 14 अक्टूबर थी जिसे बढ़ाकर 17 अक्टूबर कर दिया गया है। काउंसलिंग, आबंटन और प्रवेश संबंधी सभी जानकारियां चिकित्सा शिक्षा संचालनालय की वेबसाईट पर भी उपलब्ध कराई गई है।

### एसपी ने किया फेरबदल मालखरौदा थाना प्रभारी बने प्रवीण

**मालखरौदा।** पुलिस व्यवस्था दुरूस्त करने को लेकर सक्ती पुलिस कप्तान ने मालखरौदा थाना की जिम्मेदारी प्रवीण राजपूत को सौंपी है। ज्ञात हो कि पूर्व में मालखरौदा में अपनी सेवाएं दे चुके थाना प्रभारी प्रवीण राजपूत को एक बार फिर पुलिस अधीक्षक ने मालखरौदा का थाना प्रभारी बनाया है। वही यहां पदस्थ थाना प्रभारी अनवर अली को हटा दिया गया है। थाना प्रभारी बनाए जाने के बाद उन्होंने मालखरोदा थाना का पदभार भी ग्रहण कर लिया है। बता दे इससे पहले वे बाराद्वार थाना में अपनी सेवाएं दे रहे थे। अब देखने वाली बात होगी ऐ पूर्व में हुए डबल मर्डर और कई चोरियों की गुत्थी कब तक सुलझा पाएंगे। मालखरौदा क्षेत्र में पूर्व में हुए मर्डर की गुत्थी नहीं सुलझ पाई है।


## प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्य में सक्ती जिला प्रदेश में तीसरे पायदान पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्य में सक्ती जिला प्रदेश में तीसरे पायदान पर है। वर्ष 2024-25 में 30 हजार 512 गरीब परिवारों को पक्का मकान मिला है। इसके अलावा वर्ष 2016 से 2023 तक कुल 44 हजार 319 आवासों का निर्माण पूरा किया गया है। ऐसे में कच्चे मकान से पक्के मकान बनने के बाद गरीब वर्ग से आने वाले परिवारों को रहने की सुविधा मिल रही है। वहीं मकान बनाने का सपना भी पूरा हो गया है।

गौरतलब है कि सक्ती जिले ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) को सफलतापूर्वक क्रियान्वित करके राज्य में मिसाल कायम कर दी है और नवगठित जिला होने के बाद भी एक नया रिकार्ड बनाया है। नवगठित सक्ती जिले में वर्ष 2024-25 के कार्य योजना अंतर्गत अब तक 30 हजार पांच सौ बारह आवास पूर्ण कर राज्य का तीसरा ऐसा जिला बन गया है। जिसने 30 हजार से अधिक आावास पूर्ण किए है। सक्ती जिले में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो और जिला पंचायत सीईओ वासु जैन के दिशा निर्देशन में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के निर्माण क्षेत्र में निरंतर उपलब्धियाँ हासिल करते हुए आगे बढ़ रहा है। वर्ष 2016 से 2023 तक कुल 44 हजार 319 आवासों का निर्माण पूरा किया गया है। जो 95 प्रतिशत उपलब्धि है। वर्ष 2024-25 अंतर्गत नवगठित सक्ती जिले में 30 हजार 512 आवास पूर्ण कर प्रदेश स्तर पर तीसरा स्थान हासिल किया है। सक्ती जिले के प्रधानमंत्री आवास योजना के इस उपलब्धि पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती द्रौपदी कीर्तन चंद्रा ने कहा कि हमारी प्राथमिकता पात्र परिवारों तक योजना का लाभ समयबद्ध तरीके से पहुंचना है। उन्होंने कहा कि टीमवर्क और ग्रामीणों के सहयोग से यह संभव हो पाया है। कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना का लक्ष्य केवल मकान बनाना नहीं है बल्कि हर ग्रामीण परिवार को सम्मानजनक जीवन देना भी है। जिसके लिए सक्ती जिले में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से इस दिशा में लगातार कार्य करते हुए प्रगति किया जा रहा है। मिशन मोड में चल रहे आवास निर्माण कार्यों के फलस्वरूप नवगठित सक्ती जिला प्रदेश का तीसरा ऐसा जिला बना है, जिसने वर्ष 2024-25 में 30 हजार से अधिक मकानों का निर्माण पूर्ण कर लिया है। प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य हर गरीब परिवार को सुरक्षित और पक्का घर देना है। इस वर्ष 2024-25 में जिले के लिए कुल 63,591 घर बनाने का लक्ष्य रखा गया था। इनमें से 52,913 घरों को मंजूरी दी गई। निर्माण की गति बनाए रखने के लिए सरकार ने तीन किश्तों में वित्तीय सहायता भी जारी की। पहली किश्त 51,427 हितग्राहियों को, दूसरी किश्त 40318 हितग्राहियों को, और तीसरी किश्त 25065 हितग्राहियों को दी गई।

### 30 हजार से अधिक मकान निर्माण हो चुके है पूरे




**खास बातें**

- वर्ष 2016 से 2023 के बीच कुल 44 हजार 339 आवास पूर्ण
- वर्ष 2024-25 के बीच 30 हजार 512 आवास पूरा
- वर्ष 2024-25 में 63 हजार 591 मकान बनाने का था लक्ष्य
- शासन द्वारा हितग्राहियों को 3 किश्तों में दी जा चुकी है राशि

### सोसायटियों में पूरे दिन किसान हुए परेशान

## एग्रीस्टेक पंजीयन के लिए विशेष शिविर में रोड़ा अटका रही बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

कलेक्टर कांफ्रेंस में मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए सख्त निर्देश के बाद जिले में एग्रीस्टेक पंजीयन के लिए 3 दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन प्रत्येक सोसायटियों में किया जा रहा है। इस दौरान बिजली कटौती की समस्या ने विभागीय कर्मचारियों और किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। मेंटनेंस के नाम पर सुबह से लेकर दोपहर तक बिजली बंद होने से आधे दिन का काम नहीं हो पा रहा है।

गौरतलब है कि कृषि प्रधान जांजगीर चांपा जिले में समर्थन मूल्य पर धान की रिकार्ड खरीदी होती है। वहीं अबकी बार शासन द्वारा एकीकृत पोर्टल के अलावा एग्रीस्टेक में किसानों के प्रत्येक खसरा नंबर का पंजीयन होने का फरमान जारी किया गया है। जिसमें जांजगीर चांपा जिले में त्रुटियों की भरमार है। बताया जाता है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विगत दिवस राजधानी रायपुर में प्रदेश भर के कलेक्टरों की बैठक ली। इस दौरान जांजगीर चांपा जिले में एग्रीस्टेक पंजीयन में मिली शिकायतों को लेकर भारी नाराजगी जाहिर की थी। खास बात यह है कि एग्रीस्टेक में जितने रकबे का पंजीयन होगा। उतने ही रकबे की धान बिक्री समर्थन मूल्य पर होगी। ऐसे में किसानों के सभी खसरा और रकबा का पंजीयन कराने के आदेश शासन स्तर पर दिए गए है। स्थिति यह बनी कि कांफ्रेंस के लौटते ही जिले के कलेक्टर ने सभी सोसायटियों में एग्रीस्टेक पंजीयन पर युद्ध स्तर पर काम करने के निर्देश दिए है। यही नहीं 15 से 17 अक्टूबर तक सोसायटियों में विशेष शिविर लगाया जा रहा है। जिसमें समिति कर्मचारियों के अलावा कृषि विभाग और राजस्व अमले को भी तैनात किया गया है। इसी कड़ी में गुरूवार 16 अक्टूबर को सोसायटियों में विशेष शिविर का आयोजन किया गया, लेकिन इस दौरान बिजली कटौती की समस्या ने पंजीयन में नई मुसीबत खड़ी कर दी है। जिले के नवागढ़ क्षेत्र के ग्राम तुलसी में किसानों की भीड़ सुब्रह से रही। समय पर समिति के कर्मचारी और राजस्व अधिकारी भी पहुंचे, लेकिन बिजली गुल की समस्या के चलते पंजीयन का काम ठप रहा। दोपहर बाद यहां बिजली आने के बाद काम शुरू हुआ। इसी प्रकार जिले के पामगढ़, अकलतरा, बलौदा एवं बम्हनीडीह ब्लाक के विभिन्न सोसायटियों में पंजीयन का काम बिजली गुल के कारण नहीं हो सका।




### मेंटनेंस के नाम पर घंटों बिजली कटौती जारी

दीपावली त्यौहार के पूर्व मेंटनेंस के नाम पर शहर सहित ग्रामीण अंचलों में 4 से 5 घंटे बिजली कटौती की जा रही है। जिसके चलते जहां सेवा सहकारी समितियों में एग्रीस्टेक पंजीयन के लिए जो शिविर लगाया जा रहा है। उस पर इसका असर देखने को मिल रहा है। जांजगीर चांपा जिले में 121 से अधिक सेवा सहकारी समितियों का संचालन किया जा रहा है, जहां किसानों की सुविधा को देखते हुए एग्रीस्टेक पंजीयन के लिए विशेष शिविर लगाया जा रहा है। इसके अलावा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में रहने वाले लोग इन दिनों देश के सबसे बड़े त्यौहार दीपावली की तैयारियों में साफ सफाई में लगे हुए है। वहीं बिजली गुल होने से इसका असर तैयारियों पर पउ रहा है। इसके अलावा बिजली गुल समस्या के चलते सरकारी एवं निजी संस्थानों में 3 से 4 घंटे का कामकाज प्रभावित हो रहा है। इस समस्या को लेकर जिम्मेदार विभाग ध्यान नहीं दे रहे है। जिसके चलते लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

**की जाएगी चर्चा**

सेवा सहकारी समितियों में एग्रीस्टेक पंजीयन को लेकर विशेष शिविर लगाया जा रहा है। बिजली गुल की समस्या को लेकर विभाग के अधिकारियों से चर्चा की जाएगी।

-राहुल अंडस्कर,
डीएमओ, जांजगीर चांपा

## टेंपल सिटी में अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर

### शॉपिंग काम्पलेक्स की प्रस्तावित जमीन से हटवाया बेजाकब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

टेंपल सिटी शिवरीनारायण में गुरूवार को प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। विकास कार्य में बाधक बन रहे अतिक्रमण को बुलडोजर चलाकर हटाया गया। नगर पंचायत और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने पुलिस बल की मौजूदगी में कार्रवाई की।

शिवरीनारायण नगर पंचायत प्रशासन ने गुरूवार 16 अक्टूबर को अवैध कब्जों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अहम कदम उठाया। नगर के मध्य स्थित प्रस्तावित शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की भूमि को प्रशासन ने अतिक्रमणमुक्त कराया। लंबे समय से इस भूमि पर इस्लाहुल मुस्लिमीन शिक्षा समिति (मदरसा) एवं गोमाता औषधालय का कब्जा था। नगर पंचायत द्वारा पूर्व में नोटिस जारी कर कब्जाधारियों को 15 अक्टूबर तक भूमि खाली करने का अल्टीमेटम दिया गया था। समय सीमा बीत जाने के बाद भी कब्जा नहीं हटाया गया। इस पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए कार्रवाई की। कार्रवाई गुरूवार सुबह कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच की गई। नगर पंचायत अध्यक्ष, एसडीएम, तहसीलदार, एएसपी तथा भारी पुलिस बल की उपस्थिति में यह कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। प्रशासनिक अमले ने पहले मौके पर मौजूद लोगों को हटाया और फिर अतिक्रमित हिस्सों पर बुलडोजर चलाकर अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। नगर पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि यह भूमि नगर पंचायत की प्रस्तावित परियोजना के तहत आने वाले शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के लिए आरक्षित है। अवैध कब्जे के कारण लंबे समय से विकास कार्य बाधित हो रहे थे। उन्होंने कहा कि नगर के हित में यह कार्रवाई जरूरी थी। सार्वजनिक भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस कार्रवाई में हुए खर्च की वसूली कब्जाधारी संस्थाओं से की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि नगर पंचायत द्वारा पहले से कई बार नोटिस भेजे गए थे, लेकिन कब्जाधारी संस्थाओं ने समय रहते भूमि खाली नहीं की। इसके बाद कानूनी प्रक्रिया पूरी कर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। पुलिस और प्रशासन की समन्वित व्यवस्था के कारण पूरे अभियान को सुचारू रूप से संपन्न किया गया। प्रशासन ने इस बात पर जोर दिया कि नगर क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण या कब्जा नहीं रहने दिया जाएगा नगरवासियों में इस कार्रवाई को लेकर मिश्रित प्रतिक्रिया देखने को मिली। कुछ लोगों ने प्रशासन की सख्ती का स्वागत करते हुए कहा कि इससे नगर में अनुशासन और विकास की दिशा में सुधार होगा,हालाँकि नगर पंचायत प्रशासन का कहना है कि संबंधित पक्षों को पर्याप्त समय और अवसर दिया गया था। बावजूद इसके जब भूमि खाली नहीं की गई तो प्रशासन को यह कदम उठाना पड़ा। कार्रवाई के बाद पूरे शिवरीनारायण क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।



बुलडोजर से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करते अमला।

## नहर में डूबे पांच लोगों की जान बचाने वालों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नवरात्रि पर्व के दौरान हुए एक हादसे में जहां पांच लोगों की जान खतरे में पड़ गई थी, वहीं कुछ साहसी नागरिकों की तत्परता और मानवता ने एक बड़ी दुर्घटना को टाल दिया। जिसे पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रशस्त्रि पत्र देकर सम्मानित किया गया।

ज्ञात हो कि मुख्य नहर स्थित नहरिया बाबा मंदिर के पास एक कार अचानक अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई, जिसमें पाँच लोग सवार थे। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों ने बिना देर किए नहर में छलांग लगाकर सभी को सुरक्षित बाहर निकाला। इन साहसी नागरिकों की बहादुरी और मानवता के प्रति निष्ठा को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिन्हें सम्मान मिला उनमें जांजगीर निवासी हीरा कश्यप, हरेंद्र कश्यप, नैला निवासी मनोज अग्रवाल, कमल राठौर, अमित राठौर, हर्ष तिवारी, सुमित राठौर को एसपी ने प्रशस्त्रि पत्र देकर सम्मानित किया।



## सरकारी जमीन को बेचने वाले आरोपियों पर कार्रवाई करने ग्रामीणों ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जैजैपुर

सरकारी जमीन को बेचने मामले को लेकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया हे। इस मामले में जैजैपुर तहसीलदार को शिकायत पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जैजैपुर ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत चोरभट्ठी में गांव के कुछ लोगों द्वारा सरकारी जमीन को टुकड़ों में काटकर बेचने का मामला सामने आया है। इस बात की जानकारी जब ग्रामीणों को हुई तो उन्होंने इस पूरे मामले को लेकर जैजैपुर तहसीलदार को शिकायत पत्र सौंपकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में जैजैपुर तहसीलदार सिद्धार्थ का कहना है कि शिकायत प्राप्त होते ही संबंधित व्यक्ति को नोटिस जारी कर अवैध निर्माण पर रोक लगाने स्थगन आदेश जारी किया गया है।



सरकारी जमीन पर किया गया अतिक्रमण।

### बम्हनीडीह थाना क्षेत्र के करनौद एवं गोविंदा में पुलिस टीम की संयुक्त कार्रवाई

## अलग-अलग जगहों से लावारिस हालत में मिले 100 बोरी महुआ लहान को कराया नष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा बम्हनीडीह क्षेत्र के करनौद एवं गोविंदा में लावारिस हालत में पड़े 100 बोरी महुआ लहान को नष्टीकरण करने की कार्रवाई की गई। साथ ही कच्ची महुआ शराब बनाकर बिक्री करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। साथ ही कच्ची महुआ शराब बनाने का उपयोग करने वाला चूल्हा को नष्ट किया गया।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार 16 अक्टूबर को बम्हनीडीह थाना क्षेत्र के अलग अलग जगहों पर लावारिस हालात में 100 बोरी महुआ लाहन मिलने से मौके पर ही पुलिस टीम द्वारा नष्ट किया गया। इसके साथ ही कच्ची महुआ शराब बनाने का उपयोग करने वाला चूल्हा भी मिला जिसको भी नष्ट किया गया। मौके पर शराब बनाने में उपयोग करने वाला सिल्वर का तबेला भी बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में जिले में अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लाने के लिए जिला पुलिस जांजगीर द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में एवं चांपा एसडीओपी यदुमणि सिदार के नेतृत्व में थाना बम्हनीडीह क्षेत्र के ग्राम गोविंदा एवं थाना बिर्रा क्षेत्र के ग्राम करनौद में अवैध शराब बिक्री करने वाले के विरुद्ध छापेमार कार्यवाही किया गया जिसमें लावारिस हालात में 100 बोरी महुआ लहान मिलने से मौके पर नष्ट किया गया एवं शराब बनाने में उपयोग करने वाला तबेला मिला जिसको जप्त किया गया। इसके अलावा पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त टीम द्वारा कच्ची महुआ शराब बनाकर बिक्री करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है। आने वाले दिनों में भी पुलिस द्वारा शराब के अवैध भंडारण व बिक्री को लेकर कार्रवाई की जाएगी।



महुआ लहान को नष्ट करते संयुक्त टीम।

## शराब के लिए पैसे मांगकर मारपीट करने वाले 5 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शराब के लिए पैसे मांगकर मारपीट करने वाले 5 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला बलौदा थाना क्षेत्र के ग्राम बिरगहनी का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी भागवत प्रसाद राठौर निवासी घघरा ने बताया कि 7 अगस्त को पाण्डेय रोड लाईन्स में सुपरवाइजर के पद पर रहते हुए, ड्रायवरों को खर्चा देने के लिए बिरगहनी महावीर कोलवासरी गए थे। इस दौरान वहां खड़े नवीन रात्रे, रमन, सांडे एवं उनके साथी शराब के लिए पैसे मांगने लगे। मना करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज की और हाथ-मुक्का से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। वहीं पर खडे नवीन रात्रे, रमन, सांडे एवं उनके अन्य साथी एवं उनके सहयोगी वही पर खडे थे। शराब पीने के लिए पैसा मांगने लगे। इस दौरान मना करने पर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगे। पुलिस ने नवीन रात्रे उम्र 25 साल, रमन सांडे उम्र 20 वर्ष, सत्येन्द्र जोशी उम्र 19 वर्ष, करूपाल सांडे उम्र 26 वर्ष, अजीत कुमार पाटले उम्र 26 वर्ष को गिरफ्तार किया गया।



खबर संक्षेप

## सच्चा धर्म केवल पूजा नहीं बल्कि कर्तब्यों व मर्यादाओ का पालन करना : तिवारी



**तनौद।** ग्राम तनौद के हृदय स्थल हटवारा चौक में साहू परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा के चौथे दिवस ब्यास आचार्य पं मनोज तिवारी ने कहा कि राम का जीवन हमें सीखाता है कि सच्चा धर्म केवल पूजा नहीं, बल्कि अपने कर्तब्यों और मर्यादाओ का पालन करना है। कथा में आगे बताया कि मर्यादा पुरषोत्तम श्रीराम के जीवन से हमें अनेक प्रेरणायें और जीवन के गहरे मूल्य मिलते हैं। भगवान श्रीराम केवल ईश्वर नहीं, बल्कि आदर्श के रूप में पूजे जाते हैं। उनके जीवन की प्रत्येक घटना में मानव जीवन के लिये एक शिक्षा निहित है। कथा में उन्होंने सत्य और धर्म का पालन, वचन बद्धता, कर्तब्यनिष्ठा, अधर्म के विरुद्ध संघर्ष, करुणा, क्षमा का भाव और भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन का विस्तारपूर्वक संगीतमय वातावरण में वर्णन किया। उन्होंने मां गंगा और गुरु की महिमा का वर्णन किया। कथा सुनने वालों में अंचल के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुये।

## मेऊ में दशहरा महोत्सव आज लोककला मंच की होगी प्रस्तुति

**पामगढ़।** समीपस्थ ग्राम पंचायत मेऊ में भव्य दशहरा महोत्सव का आयोजन 17 अक्टूबर शुक्रवार को किया गया है। शाम 7 बजे रावण दहन, 9 बजे अतिथि स्वागत एवं 9.30 बजे से मेऊभाठा में लोक कलाकार छोटे लाल साहू कृत जहुंरिया छ ग लोक कला मंच की प्रस्तुति होगी । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सभापति प्रमिला अजय साहू, अध्यक्षता श्रीमती गौरी छोटू जांगडे, अध्यक्ष नगर पंचायत पामगढ़ करेंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती संतोषी मनोज रात्रे, भाजपा मंडल अध्यक्ष गण शिवेन्द्र प्रताप सिंह, यशवंत साहू विश्वनाथ यादव एवं दीपक मनहर पूर्व जिला अध्यक्ष भीम आर्मी उपस्थित रहेंगे। आयोजन समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने लोगो से कार्यक्रम को सफल बनाने अपील की है ।

## रंगोली प्रतियोगिता के लिए पंजीयन आज एवं प्रतिस्पर्धा कल

**बिर्रा।** ग्राम किकिरदा के सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय में धनतेरस एवं दीपावली के अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का कार्यक्रम रखा गया है। रंगोली प्रतियोगिता में भाग लेने वाले इच्छुक प्रतिभागियों का पंजीयन का अंतिम तिथि 17 अक्टूबर शुक्रवार को दोपहर 2 बजे तक निर्धारित रखा गया है। इस संबंध में स्कूल के प्रधानाचार्य संजय कुमार देवांगन ने बताया कि रंगोली प्रतियोगिता का पंजीयन कराने का अंतिम तिथि 17 अक्टूबर शुक्रवार निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही रंगोली प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धा 18 अक्टूबर शनिवार को सुबह 10 बजे से सरस्वती शिशु मंदिर नया प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार से लेकर पंचम पुरस्कार तक विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार राशि और मेडल प्रदान किया जाएगा।

## बंदर की मौत, ग्रामीणों ने दी श्रद्धांजलि रामायण पाठ का आयोजन

**बिर्रा।** तहसील बम्हनीडीह के ग्राम सिलादेही भांठापारा में मंगलवार दोपहर लगभग 12 बजे एक घायल और बीमार बंदर की मौत हो गई। यह



बंदर पिछले कई दिनों से गांव के आसपास घायल अवस्था में घूम रहा था। ग्रामीणों का मानना था कि यह भगवान हनुमान का स्वरूप है, इसलिए वे उसकी सेवा और देखभाल में लगातार लगे हुए थे। जब उसकी हालत बिगड़ी तो ग्रामीणों ने पशु चिकित्सा हेल्पलाइन 1962 पर कॉल कर डॉक्टर को बुलाया। मौके पर पहुंचे डॉक्टर ने जांच के बाद बंदर को मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों ने श्रद्धा के साथ बंदर के शव को लाल कपड़े से कफन दिया और शनि देव मंदिर के पास अंतिम दर्शन करवाकर विधि-विधान से मिट्टी दी। बड़ी संख्या में ग्रामीण वहां मौजूद रहे, सभी की आंखें नम थीं। घटना के बाद रात्रि में ग्रामीणों ने रामायण पाठ का आयोजन किया और सामूहिक रूप से यह निर्णय लिया कि जहां बंदर का अंतिम संस्कार किया गया है, वहां जल्द ही हनुमान मंदिर का निर्माण किया जाएगा। ग्रामीणों ने कहा कि बंदर उनके लिए केवल एक जानवर नहीं, बल्कि भगवान हनुमान का प्रतीक था, इसलिए उसकी स्मृति में यह पवित्र कार्य किया जाएगा।

### निधन

## द्वारिका प्रसाद तिवारी

**चांपा।** स्थानीय ब्राम्हण समाज के प्रतिष्ठित एवं वरिष्ठ नागरिक तथा सेवानिवृत्त शिक्षक बड़े मठ



मंदिर के पास निवासरत द्वारिका प्रसाद तिवारी का मंगलवार 14 अक्टूबर को निवास पर निधन हो गया। वे 84 वर्ष के थे। स्व.तिवारी अपने पीछे पत्नि समेत तीन पुत्रों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गए है। उनका अंतिम संस्कार बुधवार 15 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे मवेशी बाजार स्थित सार्वजनिक मुक्तिधाम में किया गया,जहां बड़ी संख्या में परिजन,सजातीय बंधुओं सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे। मुखाग्नि ज्येष्ठ पुत्र भूपेन्द्र तिवारी ने दी।

### दुकानों में बढ़ी चहल-पहल, धनतेरस पर उमड़ेगी भीड़

# दीपावली के लिए सजा बाजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

दीपावली त्योहार को अब तीन दिन का समय शेष बचा है। लोगों ने कपड़ा, रंगोली, आटोमोबाईल्स, इलेक्ट्रानिक्स सामान, सराफा, गिफ्ट आयटम आदि की दुकानों में खरीददारी शुरु कर दी है। पर्व को लेकर दुकानदारों ने भी विशेष तैयारियां की है।

कार्तिक माह में मनाए जाने वाले पांच दिवसीय दीवाली त्योहार को लेकर लोगों ने खरीदारी प्रारंभ कर दी है। इस वर्ष दीपावली का त्योहार सोमवार 20 अक्टूबर को मनाया जाएगा। इसको लेकर बाजार सज गया है। वहीं दुकानों में लोगों की चहल-पहल शुरु हो गई है। कपड़ा, आटोमोबाईल, सराफा, रंगोली आदि प्रतिष्ठानों में जमकर कारोबार होने का अनुमान व्यापारियों को है। वहीं कपड़ा दुकानों में जींस, टी शर्ट, शर्ट, साड़ी, सलवार शूट व रेडिमेड कपड़ों सहित पूजन सामग्री एवं भगवान को सजाने विभिन्न प्रकार की सजावटी सामानों की खरीददारी लोग कर रहे हैं। पर्व को लेकर इलेक्ट्रानिक्स, रंगोली, सराफा, गिफ्ट आयटम के साथ रियल स्टेट में ग्राहकों की पूछ-परख बढ़ गई है। दीपावली में व्यवसायियों ने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए कई उपहार सहित बम्फर ऑफर शुरू की है। सामानों की खरीदी में ग्राहकों को ऑफर दिए जा रहे है। साथ ही साथ खाने-पीने के समानों की बिक्री भी शुरू हो गई है। व्यापारियों का कहना है कि बाजार में रौनक आई है, लेकिन धनतेरस एवं दीपावली के दिन से बाजार में और भीड़ उमड़ेगी।



दीपावली को लेकर सजा बाजार।

### बाजार में दिख रहे रंग-बिरंगे सजावटी सामान

**चांपा।** दीपावली का पर्व 20 अक्टूबर को धूमधाम से मनाया जाएगा। त्योहार की तैयारी को लेकर बाजार में चहल-पहल बढ़ गई है। रंग-बिरंगे बिजली के बल्बों से लेकर अन्य सजावटी सामानों दिख रहे है। मिट्टी के दीपक भी बाजार में नजर आने लगे हैं। भारत में मनाये जाने वाले कई ऐसे पर्व है परंतु रौशनी का पर्व दीपावली पूरे देश में उत्साह से मनाया जाता है। दीपावली पर्व की शुरूआत खुशी के इजहार पर ही हुई थी, जब श्री राम चन्द्र जी रावण का वध एवं 14 वर्ष वनवास पूर्ण कर अयोध्या लौटे थे तो अयोध्या वासियों ने दीप जलाकर खुशी के साथ श्री राम चन्द्र जी का स्वागत किया गया था। उसी दिन से यह प्रथा दीपों का पर्व दीपावली आज तक चली आ रही है। दीपावली में घरों का रंग रोगन, मिठाई, दीये एवं पटाखों का काफी महत्व है। दीपावली को लेकर बाजर सजने लगे हैं। नगर में चारों तरफ उत्साह है तैयारियों को करीब-करीब अंतिम रूप दिया जा रहा है। बाजार भी दीपावली से संबंधित वस्तुओं से पट-सा गया है। जरूरी सामानों की खरीददारी भी की जा रही है। त्योहार की तैयारी को लेकर बाजार में चहल-पहल बढ़ गई है। रंग-बिरंगे बिजली के बल्बों से लेकर अन्य सजावटी सामानों की बहुतायत दिख रही है। मिट्टी के दीपक भी बाजार में नजर आने भी लगे हैं। श्रीगणेश एवं मां लक्ष्मी की छोटी मूर्तियां भी बाजार में दिख रहीं हैं। कपड़ों की दुकान से लेकर अन्य सामग्रियों की दुकानों में लोग खरीददारी के लिए पहुंचने लगे है।

### कपड़ा दुकानों में बढ़ रही ग्राहकी

दीवाली त्योहार के मद्देनजर रेडीमेट कपड़े की दुकानों में अच्छी खासी ग्राहकी देखी जा रही है। इन दुकानों में सुबह से देर रात तक शहरी सहित ग्रामीण ग्राहक काफी संख्या में जुट रहे हैं। नए जमाने के हिसाब से दुकानदारों ने नई-नई वैरायटी के ड्रेस मटेरियल स्टॉक कर रखा है। दुकान संचालक ने बताया कि दीवाली त्योहार को लेकर मुंबई, कोलकाता व नागपुर जैसे बड़े-बड़े महानगरों से नामी कंपनियों के कपड़े मंगवाए गए हैं। नए जमाने के फैशन के हिसाब से सभी रेंज के जींस, टी-शर्ट, शर्ट, ट्राउजर, कार्गो सहित सभी प्रकार के परिधान उपलब्ध है। दुकान में महिलाओं की भी संख्या धीरे-धीरे बढ़ रही है। महिलाओं के पसंद के हिसाब से अच्छी क्वालिटी के साड़ी बाहर से मंगाए गए हैं।

### बर्तन बाजार सजकर तैयार

धनतेरस के दिन बर्तन खरीदना शुभ माना जाता है। इस दृष्टि से बर्तन व्यवसायी अच्छे व्यापार की उम्मीद लगाए बैठे हुए हैं। इसके लिए दुकानदार दुकानों को सजाकर बैठे हैं। बर्तन दुकान के संचालकों ने बताया कि विभिन्न प्रकार के सामानों में गंजी, पानी ड्रम, थाली, लोटा व पूजा सामग्री मंगाए गए हैं।

### मिठाई भी होने लगी तैयार

शहर के हलवाई इन दिनों दीवाली त्योहार के नजदीक आते ही तैयारी में जुटे गए हैं। त्योहार की तैयारियों के चलते मिठाई दुकानों में रोजमर्रा के आइटमों के अलावा सूखे आइटम बनाए जा रहे हैं। मिठाई दुकान के संचालक ने बताया कि त्योहार के चलते खोवा काफी मात्रा में मंगाए गए हैं। इसके लिए समय पूर्व ऑर्डर दे दिया गया है। अच्छी क्वालिटी की मिठाई ग्राहकों को उपलब्ध कराने विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

## रेलवे जीएम पहुंचे बाराद्वार, जनप्रतिनिधियों व नागरिकों ने रखी कई महत्वपूर्ण मांगें



हरिभूमि न्यूज ⏭ बाराद्वार

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के जीएम तरुण प्रकाश और डीआरएम राजमल खोईवाल ने बाराद्वार रेलवे स्टेशन सहित पूरे रेल क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान रेलवे स्टेशन में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई और संबंधित अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस दौरान नगर के जनप्रतिनिधि एवं नागरिकों ने स्टेशन पहुंचकर उन्हें समस्याओं से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा।

- रेलवे फाटक में लगातार बढ़ रही समस्याओं से कराया अवगत

बिलासपुर मंडल के जीएम के बाराद्वार आगमन पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने रेलवे से जुड़ी कई महत्वपूर्ण मांगें रखीं। इस दौरान साउथ बिहार एक्सप्रेस एवं हीराकुंड एक्सप्रेस का बाराद्वार स्टेशन में ठहराव (स्टॉपेज) देने के साथ ही गोंडवाना एक्सप्रेस को रायगढ़ से बिलासपुर तक पैसेंजर ट्रेन के रूप में संचालित करने की मांग प्रमुख रूप से की गई। इसके साथ ही नगर में स्थित रेलवे फाटक में लगातार बढ़ रही समस्याओं से डीआरएम को अवगत कराते हुए शीघ्र ओवरब्रिज निर्माण की मांग करते हुए एक ज्ञापन सौंपा गया। वहीं राइस मिल एसोसिएशन ने बंद पड़े रेलवे साइडिंग को पुनः प्रारंभ करने की मांग की, जिससे क्षेत्र के व्यापारियों को सुविधा मिल सके। इस अवसर पर नगर पंचायत बाराद्वार के अध्यक्ष नारायण कुर्रे, उपाध्यक्ष जितेश शर्मा, जिला पंचायत सभापति आयुष शर्मा, राइस मिल एसोसिएशन के पदाधिकारीगण, नगर पंचायत के पार्षदगण एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों का विकासखण्ड स्तरीय आंकलन शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

राज्य शासन शिक्षा विभाग के निर्देश पर समावेशी शिक्षा अतंर्गत विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों का विकासखण्ड स्तरीय आंकलन शिविर का आयोजन मिनी माता मंगल भवन अकलतरा में किया गया।

शिविर मे अस्थिबाधित,सी.पी. , एम डी, मानसिक मंद, लो विजन , श्रवण बाधित बच्चे सम्मिलित हुए । इनमें से 19 बच्चों का चिकित्सा प्रमाण पत्र हेतु विशेषज्ञों द्वारा परीक्षण किया गया ताकि मेडिकल बोर्ड द्वारा दिव्यंगता प्रमाण पत्र जारी किया जा सके। मानसिक रूप से मंद बच्चो के चिन्हांकन हेतु डी आई सी जांजगीर बुलाया गया। 2 बच्चों का शल्य चिकित्सा हेतु चिन्हांकन किया गया। शिविर में सेरिबल पलसी के 2, अस्थि बाधित के 7, बहु दिव्यांग के 2, मानसिक मंद एवं अधिगम निःस्कत्ता के 16, अल्प दृष्टि बाधित 10, श्रवण बाधित के 02 एवं मूकबधिर के 4 कुल 48 बच्चे सम्मिलित हुए । विशेषज्ञ के रूप में



डॉक्टर प्रफुल चौहान, डॉक्टर लोकेन्द्र कश्यप,विजेंद्र गढ़ेवाल, गुलनाज खान , सौरव सोनी , नयन साहू शामिल हुए। कार्यक्रम जिला मिशन समन्वयक जांजगीर हरिराम जायसवाल ,ए.पी.सी. दिनेश कुमार सोनवान, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी देवकांत द्विवेदी,बीआरसी शैलेंद्र सिंह बैस,श्रीमती अंजना घोष बी. आर. पी. (आईडी), स्पेशल एजुकेटर राम कली शांते, आया रानू श्रीवास, रवि श्रीवास एवं श्री संतोष बरेठ उपस्थित रहे। उपस्थित बच्चों एवं अभिभावकों को इस तरह के शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने हेतु निर्देशित किया गया।

## सिवनी-सुखरीकला सड़क मार्ग पर पैदल चलना भी मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

सिवनी-सुखरीकला सड़क मार्ग पर इस समय पैदल चलना भी दूभर हो गईं है। यह मार्ग अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। भारी वाहनों के नियम विरुद्ध परिचालन से सड़क पूरी तरह से सत्यानाश हो गया है।

- चक्काजाम की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दी लोगों को समझाईश

क्षेत्र के परेशान आक्रोशित ग्रामीणों ने एकाएक सड़क पर चक्काजाम करने लगे। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और लोगों को समझाईश देकर मामला शांत कराया और बदहाल सड़क के कुछ गड्ढों पर स्लेग चूड़ी डालना शुरू किया गया। लोगों को यह समझ में नहीं आ रहा है कि यह सड़क है या फिर मौत कुआं। जबकि



सड़क में बना पोखरनुमा तालाब।

क्षेत्र के ग्रामीणों ने कलेक्टर और मुख्यमंत्री के जनदर्शन में पिछले 50 साल में 50 बार इस मार्ग का चौड़ीकरण, जमड़ी नाला सड़क पुल को ऊपर उठाने तथा फैक्ट्री का वाहनों पर प्रतिबन्ध लगाने की मांग को लेकर ज्ञापन दे चुके हैं। यहां तक की शासन प्रशासन को नींद से जगाने 30 गांवों के लोगों ने इस मार्ग पर ढोल नगाड़ा बजाकर विरोध प्रकट किया था। तब कहीं बदहाल सड़क की मालहम पट्टी किया गया था। इस मार्ग पर सिवनी समेत बहेराडीह, बालपुर, सुखरीकला, सुखरी खुर्द, अमरुआ, देवरी, बघोदा, उच्चभिट्ठी और तीन जिले के लोगों का आवागमन प्रतिदिन होता है। बहेराडीह में स्थित फैक्ट्री की भारी वाहन नियम विरुद्ध दिन रात चल रहीं है, जिससे सड़क पूरी तरह से जर्जर हो गई है। सिवनी सुखरीकला सड़क मार्ग के मध्य स्थित जमड़ी नाला सड़क पुल कभी भी टूट सकती है। बरसात के समय यह पुल पानी में डूब जाती है, जिससे लोगों का आवागमन बंद हो जाती है। स्कूली बच्चों का स्कूल जाना बंद हो जाता है, लेकिन फैक्ट्री का भारी वाहन को धड़ल्ले से पार किया जाता है, जिससे सड़क पुल पूरी तरह से जर्जर हो गईं। डेढ़ माह पहले सड़क पुल से करीब 4 फीट पानी ऊपर बह रहीं थीं। सिवनी सुखरीकला मार्ग इस समय तालाब में तब्दील हो गया है। एक ग्रामीण आज इस तालाब में बर्तन धो रहे थे तो कई लोग यहां पर गाड़ी धो रहे हैं। लोगों का कहना है कि सप्ताहभर के भीतर यदि बदहाल सड़क की मरम्मत नहीं किया जाता है तो मार्ग के मध्य बने तालाब में मछली का जाल फैला कर, भैस को नहलाकर और नाव चलाकर विरोध जताने का निर्णय लिया है।

## सक्ती में 13 एवं 14 दिसंबर को होगा प्रदेश स्तरीय क्षत्रिय कुर्मी समाज का सम्मेलन

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज के 24 वा कुर्मी साझा कार्यक्रम सक्ती में होना तय हुआ है, जिसके संबंध में चंद्रा भवन सक्ती में क्षत्रिय समाज के प्रदेश अध्यक्ष सासंद विजय बघेल की अध्यक्ष में बैठक



संपन्न हुई, जिसमें आगामी 13 ,14 दिसंबर को सक्ती के नंदेली भाटा ग्राउंड में विशाल सम्मेलन किया जाएगा। इसमें राष्ट्रीय स्तर के मंत्री केंद्रीय मंत्री मनसुख मडावी का आगमन होगा। इस सम्मेलन में चंद्रा समाज,गबेल समाज, कश्यप समाज, चंदानाहू समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे। मुख्य रूप से नारायण चंदेल, कृष्ण कांत चन्दा, व्यास नारायण कश्यप, लता ऋषि नारायण कश्यप, भूषण चंद्रा, आशुतोष ,रामरतन ,गंगाधर, डॉक्टर श्यामा चंद्रा,सुदामा चन्दा, नितेश वर्मा, उदय वर्मा,समाज प्रमुख उपस्थित थे।

## पिहरीद पहुंचकर प्रभारी मंत्री ने शहीद दीपक को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

जिला के प्रभारी मंत्री गुरु खुशवंत साहेब एवं सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने शहीद परिवार राधेलाल भारद्वाज के निवास स्थान ग्राम पिहरीद मे श्रद्धांजलि देने 14 अक्टूबर को पहुंचे।

सर्वप्रथम शहीद के माता पिता एवं परिजन खुशवंत साहेबे का पूजा अर्चना करते हुए स्वागत किया। तत्पश्चात शहीद के पिता गुरुजी राधेलाल भारद्वाज ने शहीद के प्रतिमा अनावरण मुख्यमंत्री से कराने हेतु अनुरोध पत्र सौंपा। इसके दूसरे बिंदू में मिशन चौक मालखरौदा को शहीद दीपक भारद्वाज नाम करण की मांग किया, जिसका उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों ने ताली बजाकर समर्थन प्रकट किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष टिकेश्वर गबेल, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्र जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती द्रोपती चंद्र, भाजपा जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमल किशोर पटेल, रमेश तिवारी प्रमुख संरक्षक छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन, जिला पंचायत सदस्य कुमारी सुशीला सिन्हा, जिला पंचायत सदस्य मोहन कुमारी साहू, सांसद प्रतिनिधि संजय रामचंद्र अग्रवाल, कविशरण वर्मा जनपद अध्यक्ष मालखरौदा, रितेश साहू जनपद उपाध्यक्ष मालखरौदा, लालू गबेल प्रदेश अध्यक्ष गबेल समाज एवं सामाजिक कार्यकर्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष मालखरौदा



शहीद के पिता से चर्चा करते प्रभारी मंत्री खुशवंत साहेब।

जगदीश चंद्र, भाजपा मंडल अध्यक्ष छपोरा घनश्याम भारद्वाज भाजपा नेता रणजीत सिंह अजगले, सरपंच ग्राम पंचायत पिहरीद दयालू राम जाटवर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष जिला जांजगीर चांपा गगन जयपुरिया, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती कुमुदिनी बाघ द्विवेदी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी मालखरौदा मोहनलाल प्रधान, विकासखंड शिक्षा अधिकारी डभरा श्याम लाल बारे, सहायक बीईओ चन्द्रिका आर्मी, एस.ई.सी.एल के रिटायर्ड कर्मचारी निर्मल प्रसाद जाटवर एवं विकास खण्ड के सभी शैक्षिक समन्वयक तथा शहीद के परिजन एवं क्षेत्र के लोग भारी संख्या में उपस्थित रहे ।

*बिर्रा। ग्राम देवरहा के लीला मंडली चौक भाटापारा में अखंड नवधा रामायण महायज्ञ का आयोजन 27 अक्टूबर सोमवार से रखा गया है। व्यास पंडित गीता प्रसाद तिवारी श्रीमद् भागवत वक्ता बिर्रा वाले होंगे।




### टीचर्स एसोसिएशन ने शिक्षकों की विभिन्न मांगों को लेकर बीईओ को सौंपा ज्ञापन

# शिक्षकों के हितों की रक्षा करने शासन करे आवश्यक पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ब्लाक इकाई अकलतरा के शिक्षकों द्वारा टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने,पूर्ण पेंशन का निर्धारण करने,सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति से करने, क्रमोन्नति व समयमान वेतनमान प्रदान करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर विकास खण्ड शिक्षा कार्यालय में एबीईओ रत्न माला सिंह एवं बीआरसी शैलेंद्र सिंह बैस को ज्ञापन सौंपा गया।

टीचर्स एसोसिएशन के ब्लॉक अध्यक्ष विनोद चौबे ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा 1 सितम्बर 2025 को पारित निर्णय जिसमें 5 वर्ष अधिक सेवा वाले शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को अनिवार्य किया गया है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 17 अगस्त 2012



बीईओ को ज्ञापन सौंपते टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी।

को जारी छत्तीसगढ़ राजपत्र शिक्षक पंचायत संवर्ग भर्ती तथा सेवा की शर्ते नियम 2012 के तहत शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को अनिवार्य किया गया है, इसके पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) अनिवार्य नहीं था, अतः सुप्रीम कोर्ट में हस्तक्षेप/पुनर्विचार याचिका दायर कर 17 अगस्त 2012 के पूर्व नियुक्तः सेवारत शिक्षकों के हितों की रक्षा करने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आवश्यक पहल किया जावे। पेंशन निर्धारण हेतु सेवा अवधि की गणना संविलियन दिनांक 1 जुलाई 2018 से करने के कारण 2028 के पूर्व सेवानिवृत होने वाले एल बी संवर्ग के शिक्षकों को पुरानी पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा है, अतः पूर्व सेवा (प्रथम नियुक्ति) अवधि की गणना करते हुए समस्त शिक्षक एलबी संवर्ग के लिए पुरानी पेंशन निर्धारित किया जावे। इस अवसर पर टीचर्स एसोसिएशन के ब्लाक अध्यक्ष विनोद कुमार चौबे ,रमेश कुर्रे, जिला उपाध्यक्ष राजकिशोर धिरही, संतोष बंजारे ,नरेंद्र डहरिया, दामोदर चौधरी उपस्थित रहे।

